## एक नजर में

### 49 कैडेट्स केम्प के लिए इंदौर रवाना, अभिभावकों ने दी विदाई



**मंडलेश्वर, निप्र।** महात्मा गाँधी शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक मंडलेश्वर के 49 एन सी सी केडेट्स 10 दिवसीय ट्रेनिंग केम्प के लिए मंगलवार को इंदौर रवाना हुए। बस स्टैंड मंडलेश्वर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को गर्व से विदा किया। अपनी आँखों में सेना में जाने का सपना लिए ये छात्र सैनिक ज़ब बस से रवाना हुए तो जय हिन्द का नारा लगाकर अपने परिजनों को देश प्रेम के रास्ते पर चलकर उज्ज्वल भविष्य बनाने का शुभ संकेत दिया। एन सी सी अधिकारी राकेश बारिया ने बताया की यह केम्प 05 मई से 14 मई तक इंदौर की एक निजी स्कूल के मैदान पर 09 एम पी बटालियन एन सी सी इंदौर द्वारा आयोजित हो रहा हैं जिसमे हमारे केडेट्स को कई तरह की ट्रेनिंग दी जाएगी साथ ही वहाँ होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग भी लेंगे। इस शिविर में विभिन्न जिलों से एन सी सी केडेट्स शामिल होंगे।

### युवा संगम का आयोजन, रोजगार के खुले नए अवसर

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में 05 मई 2026 को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, उमरखली रोड, खरगोन में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय संयुक्त रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराना रहा। मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा सहभागिता करते हुए कुल 174 युवाओं का रोजगार के लिए प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्योग स्थापना के लिए उपलब्ध स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आरसेटी खरगोन द्वारा युवाओं को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण के अवसरों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय विभाग द्वारा युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए नशा त्याग की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई खरगोन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### खरगोन और कसरावद में जल आवर्धन योजनाओं की समीक्षा



**खरगोन, निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की खरगोन इकाई द्वारा खरगोन एवं कसरावद नगरों में संचालित जल प्रदाय परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जल प्रदाय व्यवस्था की सतत निगरानी एवं गुणवत्ता सुधार को दृष्टिगत रखते हुए दोनों नगरों में पृथक-पृथक समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। खरगोन में विश्व बैंक सहायतित जलावर्धन योजना को लेकर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में दूषित जल से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, पाइपलाइन लीकेज सुधार, खुदाई उपरांत सडक पुनर्स्थापन, जल अपव्यय रोकने के लिए नागरिकों को जागरूक करने तथा नए जल कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए। वहीं कसरावद में आयोजित समीक्षा बैठक में जल प्रदाय से संबंधित शिकायतों के शीघ्र समाधान, कम प्रेशर की समस्या दूर करने, निर्धारित क्षेत्रों में सुचारु एवं नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा समस्त कार्यों को नियमानुसार पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए। बैठकों में संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। बैठकों का समन्वय सहायक परियोजना प्रबंधक श्री विजय बघेल एवं सामुदायिक विकास अधिकारी द्वारा किया गया।

### लू-गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

**खरगोन, निप्र।** जिले में बढती भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस चैहान ने बताया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर हीट स्ट्रोक क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं। साथ ही जिला अस्पताल, सीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर पर ओआरएस कॉर्नर भी बनाए गए हैं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को तत्काल सुविधा मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अत्यधिक तापमान के कारण लू (हीट स्ट्रोक), डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द, बुखार, थकान एवं त्वचा संबंधी समस्याओं की आशंका बढ जाती है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं लंबे समय तक धूप में काम करने वाले श्रमिकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि गर्मी के मौसम में अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचें तथा विशेष रूप से दोपहर 11 बजे से शाम 04 बजे के बीच धूप में जाने से परहेज करें। शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के साथ नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं ओआरएस जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। डॉ. चैहान ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लू तापघात से पीडित हो जाता है तो उसे तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा की नि:शुल्क व्यवस्था भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी में हल्के रंग के, ढीले एवं सूती कपडे पहनने, बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या कपडे से ढकने तथा बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी या अत्यधिक थकान जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत छायादार एवं ठंडी जगह पर ले जाकर आराम कराएं। प्रभावित व्यक्ति को पानी या ओआरएस पिलाएं और शीघ्र ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से संपर्क करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों एवं उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

# कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

## बंगाल में आजादी के बाद पहली बार बनी भाजपा सरकार

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** बंगाल चुनाव में बीजेपी की जीत से उत्साहित कार्यकर्ता ढ़ोल पर जमकर नाचे। भारतीय जनता पार्टी ने जय स्तम्भ चौराहे पर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने मिठाई से मुंह मीठा कर खुशियां मनाई गई।

कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने कहा बंगाल में पहली बार भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बना रही है। उन्होंने कहा जब जब विपक्ष हारता है, जनता उसे नकारती है तो श्वङ्करूपर सवाल उठाता है। और जीतता है तो चुप्पी साध लेता है।



तमिलनाडु और केरल हम नहीं जीत रहे, विपक्ष यहां श्वङ्करूपर सवाल नहीं उठाएगा। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा असम, बंगाल में भाजपा बहुमत से सरकार बना रही है। नतीजा भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मस्थली पर बंगाल में पहली बार भाजपा प्रचंड बहुमत से जीती। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए भाजपा का शासन जरूरी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र एवं कानून-व्यवस्था जैसी कोई चीज नहीं बची थी, राज्य में 'भय और अराजकता' का माहौल था, पहले पूर्व राष्ट्रिय महासचिव व नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के काफिले पर भी जानलेवा हमला हो चूका है। इस जीत में विजयवर्गीय का भी सराहनीय योगदान है। कार्यकर्ताओ ने जय स्तम्भ चौराहे से मुख्य चौराहे तक रैली निकाल कर कार्यकर्त्ता ने ढ़ोल बजाकर मिठाईयां बांटी व आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मिट्ठु भाटिया, अकोला पूर्व विधायक के बेटे कृष्णा गोवर्धन शर्मा, सुभाष पुराणिक, महेंद्र सिंह भाटिया, चन्द्रपाल सिंह तोमर, गणेश पटेल, महामंत्री महेंद्र अमई, पार्षद रूप सिंह रावत, पार्षद रजनी भंडारी, एल्डरमेन संजय जैन, रोमेश विजयवर्गीय, निशांत सोनी, गोतम खंडेलवाल, राहुल वर्मा, सुरेश वाघे, शांतिलाल खंडेलवाल, रवि ऐरण, मिक्की चौहान, विशाल कुमरावत, लखन गडगोती, निर्मल दांगी, तेजस सोनी, शिवा वर्मा, राजू राठौड़, रसीद खान, ऋषभ जैन, बबिता सोनी, रंजीता कोशल, अमन संधू. रसीद खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मोजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बंगाल में जीत का जश्न



**मंडलेश्वर, निप्र।** पश्चिम बंगाल और असम सहित अन्य राज्यों में भाजपा की जीत का कार्यकर्ताओ ने जमकर जश्न मनाया। रात 8 बजे भाजपा कार्यकर्ता बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास एकत्रित हुए और यहां भाजपा के झंडे हाथो में लेकर नारेबाजी की पश्चात जमकर आतिशबाजी की गई भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार ने इस अवसर पर कहा की बंगाल असम की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ा हैं इस चुनाव से कार्यकर्ताओ को नई ऊर्जा मिली हैं जो आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को नए कीर्तिमान के साथ विजयश्री दिलाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश चंद मोयदे, सीताराम ठाकुर, मनोज शर्मा दीपक ठाकुर ब्रम्हदत्त चौहान हरी गाडगे लीला वर्मा रेखा सोलंकी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 के लिए शिक्षकों ने शुरू किया घर-घर सर्वे, डिजिटल तरीके से जुटाए जा रहे आंकड़े

**कसरावद, निप्र।** कसरावद ग्राम पंचायत बड़गांव में जनगणना 2027 के पहले चरण यानी मकान सूचीकरण का काम शिक्षकों द्वारा शुरू कर दिया गया है। तहसील प्रशासन ने इसके लिए स्कूलों के शिक्षकों को प्रगणक और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंपी है।

एचएल बी 89 व एचएल बी 90 क्षेत्र पूरा बड़गांव ग्राम पंचायत सुपरवाइजर महेन्द्र पटेल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बड़गांव प्रगणक राजू सोलंकी, प्राथमिक शाला बड़गांव प्रगणक श्रीमती वैजंती बडे, प्राथमिक शाला बड़गांव,सभी प्रगणकों को जनगणना मोबाइल ऐप में लॉगिन दिया गया है। शिक्षक घर-घर जाकर परिवार के मुखिया का नाम, सदस्य संख्या, मकान की स्थिति, पेयजल स्रोत, शौचालय, बिजली, एलपीजी कनेक्शन जैसी 34 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज कर रहे हैं। सुपरवाइजर महेन्द्र पटेल ने बताया कि एक दिन में 15-20 घरों का सर्वे पूरा हो रहा है। लोगों से आधार या मोबाइल नंबर मांगना अनिवार्य नहीं है, जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। ग्राम बड़गांव के पत्रकार सेवकराम चौबे ने ग्रामीणों से अपील की है कि जनगणना दल को सही जानकारी दें। यह डेटा ही गांव में सड़क, नल-जल योजना, आवास और राशन जैसी सुविधाओं का आधार बनता है।



## बलवाड़ा थाना के सामने फिर सड़क हादसा

**बड़वाह, निप्र।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे, जो अक्सर 'किलर हाईवे' और 'मौत के तांडव' के नाम से चर्चित रहता है, पर एक बार फिर हादसा हो गया। सोमवार शाम करीब 6 बजे बलवाड़ा थाना के सामने डीजल से भरा एक टैंकर (एमपी 09 एच जे 8647) सड़क किनारे खड़े ट्रक (एमपी 09 जी ई 0650) से जा टकराया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन टक्कर के बाद टैंकर से डीजल का रिसाव लगातार जारी रहा, जिससे आसपास खतरे की स्थिति बन गई।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के दौरान टैंकर के सामने लगा बिजली का पोल भी गिर गया, जिससे बलवाड़ा गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। राहत की बात यह रही कि पोल टैंकर पर गिरने के बावजूद शॉर्ट सर्किट जैसी कोई बड़ी घटना नहीं हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं बड़वाह से अग्निशमन वाहन भी बुलाया गया, जिसने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए संभावित खतरे को टाल दिया। लगातार हो रहे हादसों के चलते इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं।













## समय से पहले जनगणना कार्य पूर्ण, कलेक्टर ने किया सम्मानित



**खरगोन, निप्र।** जनगणना कार्य को समय से पूर्व पूर्ण करने वाले प्रगणकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा भगवानपुरा तहसील के ग्राम मांडवखेडा के प्रगणक रफीक बेग मिर्जा को सम्मानित किया गया।

प्रगणक रफीक बेग मिर्जा को कुल 201 जनगणना मकानों का दायित्व सौंपा गया था, जिसे उन्होंने निर्धारित समय-सीमा से पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री मित्तल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अन्य प्रगणक भी इसी तरह तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जिले में जनगणना का कार्य समय से पूर्व पूर्ण किया जा सके। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने यह भी स्पष्ट किया कि जो प्रगणक समय से पहले जनगणना कार्य पूर्ण करेंगे, उन्हें विभिन्न स्तरों पर सम्मानित किया जाएगा, जिससे सभी में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और कार्य के प्रति उत्साह बना रहे। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी श्री अनिल जैन, तहसीलदार भगवानपुरा श्री संजय चैहान एवं मास्टर ट्रेनर श्री अमित शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 के पहले चरण का कार्य पांच दिवस में ही कर लिया पूर्ण



**कसरावद, निप्र।** भारत सरकार के द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जनगणना 2027 का प्रथम चरण का कार्य 01मई 2026 से 30 मई 2026 तक पूर्ण किया जाना है। तहसील कसरावद में ग्रामीण एवं नगर कसरावद के अग्रणी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के द्वारा अपना कार्य 05 दिवस में ही पूर्ण कर लिया गया है।

ऐसे प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को सत्येंद्र बेरवा एसडीएम कसरावद एवं अनुभाग जनगणना अधिकारी, श्री मुकेश मचार तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी कसरावद एवं नरेंद्र मुवेल तहसीलदार एवं अतिरिक्त जनगणना चार्ज अधिकारी कसरावद, कमलेश गोले नगर जनगणना चार्ज अधिकारी कसरावद के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पर्यवेक्षको व प्रगणको को सम्मानित किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 13 प्रगणक एवं नगर क्षेत्र के 04 प्रगणक द्वारा 05 दिवस में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर्स श्री नरेंद्र पाटीदार, श्री अमित दुबे, श्री संजय वरकडे, श्री जितेंद्र गुप्ता एवं पर्यवेक्षक श्री अजय कर्मा, श्री महेंद्र पटेल, श्री मोहन यादव, श्री शाकीर पठान एवं जनगणना प्रभारी श्री विजय कुमार वर्मा व हमीद खान व लोकेश मुकाती उपस्थित रहे।

## विधि महाविद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**खरगोन, निप्र।** शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में 'सम्राट विक्रमादित्य ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, विधिक जागरूकता एवं ऐतिहासिक समझ का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. दिग्विजयसिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की संयोजक सुश्री तृप्ति जायसवाल ने अपने संबोधन में सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों, न्यायप्रियता एवं विद्वता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञान और नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री चंद्रभान त्रिवेदी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता एवं विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करती हैं, जो विधि क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक है। वहीं सहायक प्राध्यापक सुश्री तृप्ति सोनी ने सम्राट विक्रमादित्य के निष्पक्ष न्याय और सत्यनिष्ठा को एक सुदृढ विधि-व्यवस्था की आधारशिला बताया तथा विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ करियर निर्माण की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी एवं त्वरित उत्तर राउंड आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में विधि विद्यार्थी श्री शहनाज सुलेमानी, सुश्री प्रिया सिसोदिया, सुश्री पूजा पाटीदार एवं सुश्री शैली बोर्डिया विजेता रहीं।

**एक नजर में** — लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र मीडिया की भूमिका पर हुआ विचार-विमर्श

# जीडीसी में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय (जीडीसी) में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आरके यादव ने कहा कि प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रतिवर्ष 03 मई को मनाया जाता है।

यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के मौलिक सिद्धांतों का उत्सव मनाने, विश्व स्तर पर मीडिया की स्वतंत्रता का मूल्यांकन करने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के महत्व के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। कार्यक्रम की संचालक प्रो. छाया पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की स्थापना दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। यह दिवस प्रतिवर्ष 03 मई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों का सम्मान करना और मीडिया की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करना है।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की थीम 'शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण, मानव अधिकारों का विकास एवं सुरक्षा के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बढावा देना' है। इस अवसर पर प्रोफेसर उमा मंडलोई ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता विभिन्न मीडिया माध्यमों के जरिए स्वतंत्र रूप से संचार करने और विचारों की अभिव्यक्ति को प्रकाशित करने का संरक्षित अधिकार है। वहीं क्रीडा अधिकारी दिव्या व्यास ने अपने संदेश में कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस लोकतंत्र एवं सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करता है। यह दिवस हमें लोकतंत्र, कानून के शासन और खुले समाज की नींव के रूप में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया के महत्व की याद दिलाता है। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने विषय पर रुचिपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रेस की भूमिका को समझा।